हालांकि, यह व्यापक रूप से बनाई गई धारणा है कि गरीब महिलाएं अपने परिवार की सहायता करने के लिए काम करेंगी, रिश्ते हमेशा कारगर नहीं होते हैं और गरीब होने के बावजूद महिलाएं परिवार संबंधी प्रतिबंध और धार्मिक कट्टरपंथियों आदि के आधार पर श्रम बाजार से बाहर रह सकती हैं (दास 2006; उल्लाह 2007)। महिलाओं की काम शक्ति की भागीदारी पति, ससुराल से स्वीकृति, भुगतान योग्य कार्य के सामाजिक-धार्मिक कलंक से जुड़े होने के कारण प्रतिबंधित होते हैं। इससे महिलाएं सामाजिक संस्था के रूप में परिवार को बनाए रखने की भूमिका में डाल देते है जबकि आर्थिक पहचान, निर्णय लेने की शक्तियां और आर्थिक नियंत्रण पुरुषों के हाथ में सौंपा दिया जाता है। आम धारणा यह है कि- 'पति की कमाई परिवार को चलाने के लिए पर्याप्त होता है'– जिससे इन महिलाओं की कार्यबल भागीदारी दर के खिलाफ होता है। इसके अलावा, परिवार के सम्मान के रक्षक के रूप में पर्दा प्रथा की मूल धारणा जो महिलाओं की शील संचालित करने के लिए माना गया है; यह माना जाता है कि महिलाओं को उनके परिजनों पर शर्म से बचाना सुनिश्चित करने के लिए उनपर लगातार निगरानी रखना आवश्यक है' (सीले एट अल 2006:173)। एक महिला द्वारा इस तरह की वास्तविकता प्रतीकात्मक रूप से लाई जाती है- 'यह परिवार के लिए शर्म की बात है कि महिलाओं को काम करने के लिए बाहर जाना पढ़े'। इस प्रकार काम के लिए घर से बाहर जाने से रोका जाता है और महिलाओं को आमतौर पर घर आधारित काम जिसके लिए कम पैसे मिलते है, करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है (खान 2007)।

कार्य स्थिति

प्राथमिक कार्य की स्थिति स्वरोजगार, नियमित वेतनभोगी और मजदूरी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। स्व-रोजगार में स्वयं के खाते, नियोक्ताओं और अवैतनिक मजदूर भी शामिल है,[11] नियमित वेतनभोगी कर्मचारी वे हैं जो किसी भी व्यवसाय में स्थायी रूप से कार्यरत हैं और मजदूरी श्रमिकों में वे व्यक्ति शामिल है जो अनियमित रूप से श्रम बाजार में रखे गए हैं। लेकिन, उत्तरदाता 'नौकरी

[11] यद्यपि, अवैतनिक परिवार माध्यमिक कार्य की स्थिति के दायरे में काम करते है, जहां रह रह कर काम मिलता है। लेकिन अवैतनिक परिवार सहायकों के काम के घंटे की जांच से पता चलता है कि महिलाओं को अपने पुरुषों समकक्षों की मदद करने में बहुत लंबा समय देना होता हैं। इस वजह से उन्हें प्राथमिक श्रमिकों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

प्रकार में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है; केवल काम के दिनों की संख्या में अपवाद है। यही कारण है कि, नियमित वेतनभोगी नौकरियों में पुरुषों को स्थायी रूप से रखा जाता है इसके विपरित मजदूरी श्रमिक है जो रूक-रूक कर काम पाते हैं। इस व्यापक वर्गीकरण के साथ, कार्य की स्थिति को प्रवास अवधि के पहले और बाद दोनों पर नीचे चर्चा की गई है (तालिका 6)।

पूर्व प्रवास की अवधि में, स्व-रोजगार विशेष रूप से लोगों के बीच रोजगार के मुख्य अवसर के रूप में उभर कर आया। पुरुषों का लगभग एक तिहाई भाग वेतनभोगी मजदूर थे। नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों काफी असामान्य हैं। प्रवास के बाद की अवधि कार्य की स्थिति के विचलन को दर्शाती है। हालांकि, स्व-रोजगार पुरुषों के लिए प्रधान प्रवेश बिंदु के रूप में कायम है, नियोक्ताओं के उद्भव से पता चलता है कि ये लोग अपने लिए छोटे व्यवसाय स्थापित करने में सफल थे और पीक सीजन में मजदूरों को अस्थायी रूप से किराए पर रखते हैं। अवैतनिक श्रम परिवार लगभग समाप्त हो गया है- इससे संकेत मिलता है कि पुरुषों के श्रम को हमेशा भुगतान किया जाता है, विशेष रूप से जब वे काम के लिए पलायन करते है। नियमित वेतनभोगी काम में वृद्धि पुरुषों के बीच बहुत ही नगण्य है।

जहां तक महिलाओं के श्रम बाजार भागीदारी का प्रश्न है, आधे से अधिक स्वरोजगार है और मुख्य रूप से उनके स्वयं के खाते है और अवैतनिक श्रम परिवार है। महिलाओं के बीच नियमित वेतनभोगी नौकरियां काफी असामान्य थे और उनमें से एक बड़ा हिस्सा वेतन मजदूर थे। पुरुषों की तरह महिलाओं ने भी कोलकाता में स्थानांतरित होने के बाद कार्य की स्थिति में बदलाव का अनुभव किया। शहरी श्रम बाजार में महिलाएं ने स्वरोजगार श्रमिकों के रूप में प्रवेश पाती हैं। स्वरोजगार के तहत अवैतनिक सहयोगकर्ता की संख्या में वृद्धि हुई है जिससे पता चलता है कि गरीब महिलाएं किराए पर लिए गए श्रमिक (अतिरिक्त) के एवज में अपने पति की मदद करने के लिए उन्हें सहायता प्रदान करती हैं ताकि वे छोटे कार्य से अधिकतम लाभ ले सके (सेन 2004)। जहां तक 'अवैतनिक श्रम परिवार' के रूप में श्रमिकों के सामान्य वर्गीकरण का संबंध है, कई वैचारिक प्रश्न उभर कर सामने आते हैं। यह देखा जाएगा कि इस तथाकथित परिवार श्रम सामान्यतः लगभग 5.2 घंटे/दिन होते हैं जिसका भुगतान नहीं किया जाता है। महिलाओं के साथ उनका सामना विशेष रूप से चिंताजनक है। यही कारण है, महिलाओं के अवैतनिक सहायक होने पर भी उनके काम के घंटों में लचीलापन है, जो घरेलू कार्यों के साथ-साथ दिन भर तक चलता रहता है।

तालिका 6: पलायन पूर्व एवं उपरान्त कार्य स्थिति

	पुरूष		महिला	
कार्य स्थिति	पूर्व	बाद में	पूर्व	बाद में
i. स्व नियोजित				
क) स्वयं के श्रमिक/साझेदारी/आश्रित उप ठेका श्रमिक	55.1	45.1	46.4	39.2
ख) नियोक्ता	0.0	22.1	0.0	1.3
ग) अवैतनिक परिवार हेल्पर	4.1	1.0	10.7	22.8
कुल (क+ख+ग)	59.2	68.2	57.1	63.3
ii. नियमित वेतनभोगी	7.1	7.7	5.4	35.4
iii. मजदूरी श्रम	33.7	24.1	37.5	1.3
कुल (i + ii + iii)	100.0	100.0	100.0	100.0

स्रोतः जनवरी-जुलाई, 2010 के फील्डवर्क के आधार पर

इसी दौरान, नियमित वैतनिक नौकरियां भी कुछ हद तक पलायन-उपरान्त अवधि में कुछ आमूल-चूल बढ़ोतरी दर्शाती हैं कि शहर उन्हें ज्यादा आश्वस्त प्रकार का रोजगार प्रदान करती हैं। हालांकि, उन महिलाओं के रोजगार के अवसरों के संबंध में वास्तविक निष्कर्षों पर पहुंचाया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण है, जो कि सबसे आश्वस्त प्रकार के कार्यों में संलग्न हैं।

पलायन करने वालों को आगे उनकी कार्य स्थिति के आधार पर विगत संदर्भ वर्ष के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यदिवसों की संख्या के अनुसार क्रॉस-वर्गीकृत किया गया है। अध्ययन यह दर्शाता है कि पलायन ने औसत कार्य दिवसों की संख्या में बढ़ोतरी की है- पुरूष और महिलाएं दोनों के बीच जहां किसी वर्ष के दौरान पुरूषों को महिलाओं द्वारा कुल किए गए कार्य दिवसों (259 दिन) की तुलना में अधिक संख्या के दिनों (280 दिन) हेतु रोजगार उपलब्ध होता है। नियमित वेतनभोगी नौकरियां वर्ष के ज्यादातर हिस्से के लिए रोजगार प्रदान करती हैं और महिलाओं द्वारा किए गए कार्य दिवसों (343) की संख्या पुरूषों की तुलना में अधिक हैं। यह सुझाव देता है कि नियमित वेतनभोगी पुरूष कारखानों, कार्यालयों इत्यादि में रोजगार प्राप्त हैं जहां वे छुट्टियों/अवकाशों के हकदार होते हैं। लेकिन, घरेलू कामगार के तौर पर उनके नियुक्त किए जाने की वजह से, नियमित तौर पर वेतनभोगी महिला पलायनकर्ता न्यूनतम तौर पर वैतनिक अवकाश तथा अन्य सुरक्षा लाभों का फायदा ले पाती हैं। इससे

उनके द्वारा किए गए कार्य दिवसों की संख्या में बढ़ोतरी होती है। किए गए कार्य दिवसों में बढ़ोतरी को ज्यादातर पुरूष मजदूरी श्रमिकों के बीच प्रमुखता से देखा गया है (पलायन पूर्व अवधि के 123 दिनों की तुलना में पलायन उपरान्त अवधि के 248 दिनों में)। पलायन पूर्व अवधि में, ज्यादातर मजदूरी श्रमिक कृषि कार्यों में संलग्न थे जो उन्हें मौसमी कार्य प्रदान करते हैं जबकि महानगरों में वृहद अवसर उन्हें विविध कार्य का आधार प्रदान करते हैं चाहे वह दैनिक कार्य ही क्यों न हो, जैसे कि निर्माण तथा सिर पर ढोने का कार्य इत्यादि।

कार्य का प्रकार

पलायन पूर्व अवधि में ज्यादातर स्वरोजगार प्राप्त पुरूष स्वयं के खेतों में फसल उगाने वाले किसान होने के साथ-साथ एक अवैतनिक सहायक भी थे (91.2 प्रतिशत)। चूंकि, रोजगार के अन्य अवसर ग्रामीण परिवेश में दुर्लभ हैं, उनमें से बहुत ही कम लोग विनिर्माण के कार्यों में संलग्न होते हैं जैसे कि बढ़ईगिरी, प्रिंटिंग तथा बाइंडिंग (3.5 प्रतिशत)। जबकि थोक एवं फुटकर व्यवसाय में, पुरूष जानवरों के व्यवसाय, अनाज व खाने-पीने की दुकानों तथा कपड़े बेचने में संलग्न होते हैं (5.3 प्रतिशत)।

यद्यपि नियमित वेतनभोगी नौकरियां पलायन पूर्व अवधि में असामान्य होती हैं, आधे से अधिक कारखानों तथा एक-दहाई से अधिक लोग बिक्री और फुटकर सेवाओं में रोजगार प्राप्त थे। दैनिक मजदूर के तौर पर, कृषि ने पुरूषों की एक बड़ी मात्रा को आकर्षित किए रखा (67.6 प्रतिशत) जिसके बाद मोचियों की संख्या आती है (14.3 प्रतिशत)।

चूंकि, शहर कृषि गतिविधियों के लिए कोई भी कार्यक्षेत्र प्रदान नहीं करता है, कृषि श्रमिक का अस्तित्व ही समाप्त हो गया और एक पूर्णरूपेण बदलाव कृषि आधारित से गैर-कृषि क्षेत्रों में देखा गया है। विनिर्माण (76 प्रतिशत), फुटकर व्यवसाय (13.2 प्रतिशत), परिवहन (7 प्रतिशत) इत्यादि सबसे प्रमुख और प्रारंभिक प्रवेश बिन्दु के तौर पर पलायनकर्ताओं के लिए उभर कर सामने आते हैं, भले ही कुछ व्यवसाय बड़ी संख्या में पलायनकर्ताओं को स्वरोजगार प्राप्त मजदूरी श्रमिकों के रूप में नियोजित करते हैं। जूते-चप्पल बनाना और पशुओं का व्यवसाय ऐसे दो पेशे हैं। यहां, श्रमिक स्वयं का कार्य करने वाले तथा नियोक्ता के तौर पर विद्यमान होता है। साथ ही साथ, ऐसे भी श्रमिक होते हैं जिन्हें पूरे वर्ष/विशेष अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है, जो कि कार्य की मौसमी आवश्यकता और साप्ताहिक तौर पर भुगतान के आधार पर होता है। ये दो व्यवसाय झुग्गियों तथा इसमें रहने वालों के एक बड़े हिस्से को शामिल करते हैं। उदाहरण के लिए, विनिर्माण में संलग्न कुल स्वरोजगार श्रमिकों में से 97 प्रतिशत लोग चर्मकार अथवा मोची हैं। इसी प्रकार, विनिर्माण में कुल मजदूरी श्रमिकों में से 75 प्रतिशत कार्य उक्त पेशे में शामिल है। ऐसे ही थोक तथा फुटकर व्यवसाय बड़ी संख्या में स्वरोजगार

प्राप्त तथा मजदूरी श्रमिकों को संलग्न करता है। ये पुरूष जानवरों के व्यवसाय, पशुओं के चमड़े और खालों के कार्य में संलग्न हैं। ये व्यवसाय न केवल बड़ी मात्रा में पलायनकर्ताओं को संलग्न करते हैं बल्कि अधिक कार्य घंटों को भी शामिल करते हैं। उदाहरण के लिए, मोची के लिए औसत कार्य घंटों की अवधि 16 घंटे/दिन है, जबकि जानवर बेचने वाले लगभग 12 घंटे कार्य करते हैं। इन दो व्यवसायों के अलावा, स्वरोजगार प्राप्त पुरूष परिवहन में भी संलग्न होते हैं, छोटे होटलों, फास्ट फूड बेचने वालों इत्यादि में (मुखोपाध्याय 1998; सुब्रमण्यम 2001; डे एंड दासगुप्ता 2009)।

नियमित वेतनभोगी श्रमिकों में शामिल हैं विभिन्न प्रकार के बिक्रीकर्ता - जो शो रूम्स, मीट शॉप इत्यादि में कार्य करते हैं (35.3 प्रतिशत)। इसके अतिरिक्त, विनिर्माण क्षेत्र भी काफी अच्छी संख्या में लोगों को रोजगार प्रदान करता है जिसमें विभिन्न प्रकार के छोटे-मोटे कार्य शामिल हैं जैसे लेदर, प्रिंटिंग, बाइडिंग, छोटे प्रकाशन कार्य इत्यादि (23.5 प्रतिशत)। जबकि परिवहन क्षेत्र में लोगों को कार चालकों (17.6 प्रतिशत) के तौर पर संलग्न किया जाता है। शेष बचे पुरूष नियमित वेतनभोगी नौकरियों में हैं या तो सरकार या फिर निजी क्षेत्रों में (11.8 प्रतिशत)।

जहां तक महिला पलायनकर्ताओं की बात है, यह पाया गया है कि उनके रोजगार के अवसर पुरूषों की तुलना में काफी सीमित हैं। फिर भी पलायन उपरान्त उनका प्रदर्शन काफी विविध रोजगार अवसरों को प्रदर्शित करता है, इसके बावजूद, वे कुछ चयनित प्रकार के पेशों तक ही सीमित हैं जिन्हें प्रमुखता से 'महिलाओं के लिए' ही परिभाषित किया जा सकता है। पलायन पूर्व अवधि में, स्वरोजगार प्राप्त महिलाएं स्वयं के खेतों में किसानों तथा अवैतनिक सहायकों के तौर पर कार्य करती थीं (43.8 प्रतिशत)। इसके अतिरिक्त, कुछ महिलाएं थोक एवं फुटकर व्यापार के क्षेत्र में भी फल/सब्जी बेचनेवाले (12 प्रतिशत) का कार्य करती हैं। छोटे मोट विनिर्माण जैसे कि पर्स/बैग बनाना, जरी, कढ़ाई कार्य, बीड़ी रोलिंग और अगरबत्ती बनाने के क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत महिला संलग्न हैं।

जैसा कि उपर इंगित किया गया है, नियमित नौकरी ग्रामीण क्षेत्रों में पुरूषों और महिलाओं, दोनों के लिए बहुत ही विरल होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कुछ महिलाए कारखानों में चूड़ियां बनाने तथा अन्य विविध विनिर्माण कार्य में लगी हुई हैं (66.7 प्रतिशत)। अंत में मजदूरी श्रमिक के तौर पर ज्यादातर महिलाए कृषि क्षेत्र में लगी हुई थीं (95.8 प्रतिशत)।

पुरूषों की तरह ही, पलायन उपरान्त अवधि महिलाओं के लिए विभिन्न रोजगार के अवसर प्रदान करता है। स्वरोजगार प्राप्त के तौर पर वे अवैतनिक सहायकों के रूप में अपने पति के साथ कार्य करती हैं अथवा एक आश्रित उप-ठेका कार्यकर्ता के तौर पर, जहां उन्हें कुछ भुगतान भी किया जाता

है। जैसा कि पूर्व में ही इंगित किया जा चुका है वे जूते के फीते बनाने, सिलाई, दर्जीगिरी, कताई और धागों की कटिंग इत्यादि कार्य में लगी हुई हैं (58 प्रतिशत)। होटल और रेस्टोरेंन्ट में वे अपने पति के साथ उनके छोटे होटलों/घरेलू कैंटीन में एक अवैतनिक सहायक के तौर पर कार्य करती हैं जबकि अन्य मामलों में वे एक सक्रिय भागीदार के तौर पर श्रम बाजार में भोजन बेचने वाले के रूप में कार्य करती हैं (10 प्रतिशत)। थोक और फुटकर व्यापार में महिलाएं प्रमुख तौर पर अवैतनिक सहायक के रूप में अनाज की दुकानों तथा अन्य खुदरा दुकानों में संलग्न हैं (12 प्रतिशत)। इसके अलावा, एक चौथाई से केवल कुछ कम महिलाएं कुछ प्राथमिक पेशों में संलग्न हैं जैसे पेपर के थैले व पैकेट्स बनाना, पेपर अलग करना इत्यादि। ऐसे कार्य बहुत ही दोहराव वाले होते हैं, और इन्हें घर पर किया जा सकता है तथा इसके किसी विशेष हुनर की जरूरत नहीं होती है। ऐसे कार्यों में आपूर्ति और मांग, दोनों ही समान तौर पर सम्मिलित होते हैं। एक ओर, जिस तरह गरीब महिलाएं सस्ते और विनम्र श्रम के स्रोत हैं, उन्हें इस प्रकार के छोटे-मोटे कार्य ही सौंपे जाते हैं। दूसरी ओर, ये छोटे पैमाने के कार्य उन्हें अत्यंत कम आमदनी प्रदान करते हैं, जो उनके परिवार की आय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता है।

नियमित वेतनभोगी कार्य महिलाओं में सामान्य है। हालांकि, वे प्रमुख तौर पर घरेलू कार्यों में संलग्न होती हैं (70.4 प्रतिशत)। इस प्रकार के कार्य, जो कि गांवों में असामान्य माने जाते हैं, शहरों में गरीब तथा अशिक्षित महिलाओं के लिए रोजगार में सुलभ प्रवेश का साधन बनते हैं, जैसा कि ये प्रमुख तौर पर घर के कार्य ही होते हैं और इसमें किसी विशेष कौशल और शिक्षा स्तर की जरूरत नहीं होती है (गुलाटी 1997, 2006; नीता 2011)।

द्वितीयक व्यवसाय के लिए पुरुष पलायन से एक दिलचस्प लक्षण का पता चलता है- 75 प्रतिशत से भी ज्यादा पुरुष, विशेषतः जो अकेले शहर में आये हैं वे गांव में किसान या कृषि मजदूर थे। ये पुरुष अपने स्थान से कोलकाता तक आना जाना करते थे जिससे वे कृषि मौसम के दौरान अपने मूल स्थानों पर लौट आते थे। इस प्रकार का कृत्य अधिकांशतः चमड़े का काम करने वालों के बीच देखा गया जहां जूते बनाने का काम मानसून के दौरान शहर में नही किया जा सकता है। ऐसा करने से, शेष बेरोजगारी का जोखिम बंट जाता है एवं गांव के साथ जुड़ाव नही रखता है। इसलिए, ये लोग अधिक अस्थायी पलायन को प्रस्तुत करते है जहां शहर एवं गांव दोनों उन्हें आजीविका के विकल्प प्रदान करता है। (डी हान 2000; मेन्डोला 2006; कोर्रा 2011)। इसके अलावा, अन्य प्रवासी मजदूर अन्य कामों में मोची, बीमा अभिकर्ता, पशु बिक्री, जूते बेचने वाले, फास्ट फूड बेचने वाले आदि के रूप में लगे हुए हैं।

पूर्व और बाद में व्यावसायिक गतिशीलता- प्रवासन अवधि

ज्यादातर पलायन के पूर्व व पश्चात की अवधि में व्यावसायिक गतिशीलता के बारे में बात की गई। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि व्यावसायिक गतिशीलता का अनुभव पुरुषों के लिए सकारात्मक है जबकि यह महिलाओं के लिए नकारात्मक होता है अर्थात उनका पलायन के बाद के काम की स्थिति पलायन के पहले की स्थिति के समान नही है (ओगाया 2006)।

वर्तमान अध्ययन में, 49 प्रतिशत पुरुष ऐसे है जो पलायन के पहले एवं बाद दोनों में काम करते हैं। पलायन के पूर्व एवं बाद में अपनी स्थिति को मजदूर के रूप में रखने वाले कुल मजदूरों में से लगभग तीन चौथाई कृषि में, 15 प्रतिशत विनिर्माण, 5 प्रतिशत खुदरा व्यवसाय, 2 प्रतिशत अन्य सेवाओं एवं 1 प्रतिशत निर्माण गतिविधियों में लगे हुए है। पलायन के बाद की अवधि में उनके लिए रोजगार का प्रमुख स्रोत छोटा मोटा विनिर्माण है। इसके अतिरिक्त, विनिर्माण क्षेत्र खुदरा व्यवसाय, निर्माण एवं अन्य सेवाओं से भी मजदूरों को सम्मिलित करता है। इसके अलावा विनिर्माण से अन्य क्षेत्रों मे स्थनान्तरण ऐसी जगह पर करता है जहां मजदूर समान व्यवसाय में है। उदाहरण के लिए, विनिर्माण के अंदर, ज्यादातर मोची समान प्रकार के व्यवसाय को जारी रखता है। श्रमिको का बहुत ही नगण्य अनुपात खुदरा व्यवसाय में लगा हुआ है। विनिर्माण के समान ही, कुछ लोग जो खुदरा व्यापार में लगे हुए हैं विशेष तौर पर पशुओं एवं किराने की दुकान चलाने वाले आदि लोग ऐसा करना जारी रखते हैं। (चित्र 4)

पुरुषों के समान ही, महिलाएं भी एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय में स्थानान्तरित हो जाती हैं। पलायन के पूर्व की अवधि में 68 प्रतिशत महिलाएं कृषि में होती हैं, 23 प्रतिशत विनिर्माण में, 5 प्रतिशत शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में होती हैं। पलायन के बाद की अवधि में महिलाओं के लिए रोजगार के दो मुख्य रास्तों का पता चलता हैः विनिर्माण एवं निजी परिवारों में घरेलू सहायता एवं अन्य सेवाओं के लिए काम। पलायन के बाद कृषि मजदूरी करने वाली महिलाओं का बड़ा हिस्सा इन क्षेत्रों में स्थानान्तरित हो जाता है। हालांकि, विनिर्माण में लगने वाली महिलाएं पहले भी समान क्षेत्र में थीं, जबकि बाकी की शिक्षा (प्राइवेट ट्यूटर) एवं कृषि क्षेत्र (कृषि मजदूर) से निकलते हैं। ये महिलाएं कौशल की बहुत ही कम आवश्यकता वाले काम जैसे जूते की लैस, सिलाई, कढाई आदि में लगी हुई हैं। जैसा कि पहले बताया गया है, कृषि कार्य में वर्ष भर में 30-45 दिनों तक काम करने की तुलना में शहर में घरेलू नौकरानी के रूप में कार्य करना महिलाओं के लिए नियमित रोजगार प्रदान रोजगार के नये अवसर सृजित कर तुलनात्मक रूप से आय का सुरक्षित साधन प्रकट करता है (चित्र 5)। फिर भी यह स्थानान्तरण व्यावयायिक गतिशीलता के उतार-चढ़ाव को जांचने के लिए मुश्किल बनाता है

क्योंकि ज्यादातर मामलों में कार्य की परिस्थिति अलग-अलग होती है। हालांकि, प्रवासियों ने यह बताया कि, ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कैसे शहर का जीवन काम एवं आय के अच्छे अवसर के साथ ही साथ काम के संबंध में सौहाद्रपूर्ण वातावरण लाता है। यह अनिवार्य है क्योंकि गांव के संदर्भ में, अक्सर कोई भी व्यक्ति लगातार दबाब के तहत काम की सीमाओं से धब्बे लगने का सोचता है। (राजू एवं बागची 1993)। समस्तीपुर, बिहार से एक महिला प्रवासी ने बताया, *'सूरज की रोशनी में खेत में 12-13 घंटे काम करना मेरे लिए वास्तव में बहुत ही मुश्किल है जबकि शहर में घर के अंदर घरेलू सहायक के रूप में कार्य करना ज्यादा सहज है। इसके अलावा काम करने के घंटे भी निर्धारित हैं।'*

शहर में कार्य की स्थिति एवं निवास अवधि के बीच आपसी संबंध

शहर में कार्य की स्थिति एवं निवास अवधि के बीच आपसी संबंध की बात करें तो, अध्ययन बताता है कि नियमित वेतनभोगी पुरुषों के लिए रहने की औसत अवधि स्वरोजगार एवं मजदूरी वाले श्रमिको की 16 एवं 13 वर्ष की तुलना में लगभग 18 साल है। महिलाओं के लिए इस प्रकार की कोई पद्धति नही पायी जाती है, फिर भी वेतनभोगी एवं मजदूरी श्रमिक (औसत अवधि 14 एवं 12 साल) की तुलना में स्वयं का रोजगार करने वाली महिलाओं की शहर में रहने की औसत अवधि 16 वर्ष है। यह संभव है कि पूर्व में युवा महिलाओं को रोजगार की तलाश करने की तुलना में वर्तमान में अधिक प्रकार की नौकरियों उपलब्ध हैं जबकि रहने की अवधि के बढ़ने के साथ बड़ी उम्र की महिलाएं काम की बदलती स्थिति का अनुभव नही हो सकता है। (बर्धान 1989)- एक प्रस्ताव जिसको यहां पर नही लिया है उसको आगे सिद्ध करने की आवश्यकता है।

चित्र 4: पुरुष श्रमिकों की सतत व्यावसायिक गतिशीलता



चित्र 5: महिला श्रमिकों की सतत व्यावसायिक गतिशीलता



इस पर बहस हुई थी कि जैसे ही निवास करने की अवधि बढ़ती है, सामान्य तौर पर पुरुष अपेक्षाकृत सुरक्षित रोजगार एवं आय की दिशा में गतिशीलता हासिल करते हैं (लिंगम 1998)। इसके अलावा, जैसा कि मजूमदार द्वारा तर्क दिया गया है (1987) मजदूरी श्रमिक की तुलना में निवासी के लिए स्वयं के रोजगार के काम में अनौपचारिक क्षेत्र की प्रविष्टि भी आसान नही हो सकती है और स्वयं की दुकान या व्यापार स्थापित करने के लिए संबंधित उच्च वेतन से बनाई गयी अपनी बचत का निवेश भी करना पड़ सकता है। हालांकि, कैसे स्वयं का रोजगार करने वाला प्रवासी अपनी दुकान एवं व्यापार को स्थापित करने के लिए अपनी बचत का निवेश करता है ये वर्तमान अध्ययन के दायरे से बाहर है, उनकी उम्र की जांच से पता चलता है कि स्वरोजगार पुरुष मजदूरी वाले श्रमिकों से अधिक पुराने होते हैं।

कार्य की स्थिति, कार्य का स्थल एवं रूपान्तरित दूरी के बीच आपसी संबंध

77 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत स्वरोजगार महिला श्रमिक घर से काम करती हैं। इन घर से काम करने वाली महिला श्रमिकों में से ज्यादातर अपने पतियों के लिए अवैतनिक सहायक या 'उप-अनुबंध श्रमिकों की अधीनस्थ' होती हैं (चेन एट अल 1999: 605)[12]। वे जूतों की लैस बनाने, कागज की प्लेट बनाने एवं गिनती और पैकिंग के कुछ प्राथमिक व्यवसाय जैसे छोटे मोटे विनिर्माण में लगी हुई हैं। परिवार से दूर अधिकांशतः महिलाएं घरेलू सहायक एवं फैक्टरी मजदूर होती हैं।

घरेलू जिम्मेदारियों के कारण न केवल महिलाएं घर के अंदर काम करती हैं कई व्यवसाय हैं जो घर के अंदर किए जातें हैं जिनमें बड़ी संख्या में पुरुष भी संलग्न हैं- 'प्राइवेट' एवं 'सामुदायिक' अस्पष्टताओं के बीच विभाजन करना। इसके अलावा, अक्सर झुग्गीवासी काम करने की अलग से जगह नही जुटा पाते हैं एवं कुछ व्यवसाय (जैसे जूते बनाना, सूक्ष्म स्तर पर बैग बनाना आदि) घर के अंदर ही चालू रखते हैं। इसके विपरीत, कुछ व्यवसाय ऐसे हैं जिनको अलग से स्थान की आवश्यकता पड़ती है (धातु से संबंधित, कार के गीअर एवं बैट्री, टीन के डब्बे बनाना आदि) एवं अन्य जैसे वेन्डिंग, फास्ट फूड बेचना, ड्राइविंग आदि खुले स्थानों/गलियों में चलाए जा सकते हैं।

---

[12] आवास आधारित काम की वांछनीयता के बारे में विरोधी विचार दो परस्पर विरोधाभासी सिद्धान्तों से पैदा होते हैं। पहला सिद्धान्त दर्शाता हैं कि आवास पर कार्य करने वाले श्रमिक अपेक्षाकृत व्यक्तियों की अधिक सुविधा वाला समूह है जो ज्यादा नम्यता और अपने को नियंत्रित करने के लिए आवास से काम करने को चुनते हैं। इस दृष्टिकोण के अनुसार, आवास से काम करना परिवार के सदस्यों को बच्चों/बूढ़े/अपाहिजों की देखभाल करने की अनुमति देता है। इसलिए इन घरेलू कामगारों को अनुषंगी लाभ त्यागना महत्वपूर्ण नही माना जाता है क्योंकि आमतौर पर वे इस प्रकार के लाभ अपने जीवन साथी के नियोक्ताओं से प्राप्त कर लेते हैं। अन्य सिद्वान्त चित्रित करता है कि आवास श्रमिक शोषण समूह के रूप में कम मजदूरी पर कुछ लाभों के साथ काम करने की बुरी स्थिति में कार्य कर रहें हैं और अक्सर अनुपूरक श्रम के लिए बच्चों पर निर्भर रहते है। (एडवर्ट्स और फील्ड-हेन्द्री 1996)

जो घर में काम करने वाले लोग है या जिनका कोई निश्चित कार्यस्थल नही हैं उनकी तुलना में घर और कार्यस्थल के बीच की दूरी उन लोगों के बहुत अर्थपूर्ण है जो प्रतिदिन अपने घर एवं कार्य स्थल के बीच में एक निश्चित दूरी की यात्रा करते हैं[13]। हालांकि जो बाहर काम करते हैं, घर से बाहर होते हैं, उनके आवास से एक किमी के अंदर काम करना पसंद करते हैं, दूरी बढ़ते ही काम करने की आवृति कम होती जाती है। इसीलिए, झुग्गीवासी लम्बी दूरी के लिए यात्रा नही करते हैं- वे अपने आवास के पास रोजगार तलाशते हैं (नाम्बियार 1965 ने उद्धृत किया ब्रुइजीने और शेड्क 1992 से)।[14]

जो अपने निवास स्थान से 1 किमी. के अंदर काम करते हैं उनके लिए चलना मुख्य विकल्प है। इस प्रकार की दूरी के लिए 2-15 मिनट तक का समय लगता है। यद्यपि, कभी-कभी पलायन करने वाले 2-5 किमी तक की लम्बी दूरी भी पैदल चलकर तय करते हैं। अधिक लम्बी की दूरी के लिए पलायन करने वाले अपने कार्यस्थल तक पहुंचने के लिए ऑटो, रिक्शा, वैन आदि के द्वारा यात्रा करते हैं। (तालिका 7)

तालिका 7: यात्रा की दूरी, यात्रा का साधन एवं यात्रा के लिए लिया गया समय

कार्यस्थल का स्थान	*प्रवासियों का प्रतिशत*	यात्रा का साधन	यात्रा के लिए लिया गया समय (मिनट में)	
			रेंज	**औसत**
पुरूष				
कम से कम 1 किमी के बराबर	40.4	घूमना (वॉकिंग)	2-15	5.4
2 से 5 किमी	21.1	वॉकिंग/बाइसाइकिल/स्कूटर/ऑटो/बस	10-30	13.8
5 किमी से ज्यादा	5.3	स्कूटर/ऑटो/बस	10-25	16.3
दूरी तय नहीं	33.3	ट्रक / टैक्सी / ऑटो / वैन रिक्शा	भिन्न	भिन्न

[13] आवास पर कार्य करने वाले श्रमिक प्रतिदिन कोई भी देरी नही तय करते हैं। कभी-कभी, वे कच्चे माल आदि को लेने के लिए आना जाना करतें हैं। उनका कोई भी निश्चित आना-जाना नही होता है और वे अपनी जरूरतों के अनुसार अलग-अलग स्थानों का दौरा करते हैं। उसी प्रकार कुछ व्यवसाय जैसे कचरा बीनना, विभिन्न प्रकार के ड्राइवर के लिए भी दूरी का अंदाजा लगाना तय नही होता।

[14] नाम्बियार ने 1965 में मद्रास के मलिन बस्तियों के अध्ययन में पाया कि जनसंख्या का 30 प्रतिशत अपने काम के स्थान से 1 मील की दूरी तक निवासरत हैं जबकि अन्य 40 प्रतिशत लोगों का कार्य स्थल तय नहीं था क्योंकि वे लगभग ऐसे कार्यस्थलों के पास घूमते हैं जो नजदीक हों।

		आदि		
कुल	100			
महिला				
कम से कम 1 किमी के बराबर	73.5	घूमना (वॉकिंग)	2-15	5.4
2 से 5 किमी	20.6	विशेषतः वॉकिंग	10-45	22.1
5 किमी से ज्यादा	2.9	बस	30	30
दूरी तय नहीं	2.9	वॉकिंग	भिन्न	भिन्न
कुल	100			

स्रोतः फ्रेमवर्क, जनवरी से जुलाई, 2010 के आधार पर

सामाजिक सुरक्षा कवर

जैसा कि ज्यादातर झुग्गीवासी अनौपचारिक क्षेत्रों में संलग्न होते हैं, ऐसा समझा जाता है कि वे किसी भी सामाजिक सुरक्षा उपायों जैसे भविष्य निधि, स्वास्थ्य, पेंशन लाभ, वैतनिक अवकाश आदि से वंचित होते हैं। वर्तमान अध्ययन में, केवल दो उत्तरदाताओं को छोड़कर लगभग सभी पुरुष पलायनकर्ता कोई भी सामाजिक सुरक्षा लाभ प्राप्त नही करते हैं। जहां वे सरकारी एवं निजी संगठनों में लगे हुए हैं, वहां वे कई लाभ जैसे चिकित्सा, भविष्य निधि, पेंशन योजना, वैतनिक अवकाश आदि प्राप्त करते हैं। महिला पलायनकर्ता की स्थिति ज्यादा अलग नही है। केवल तीन महिला पलायनकर्ताओं ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। ये महिलाएं अनिवार्य रूप से करखाने की कर्मचारी हैं।

नौकरी अनुबंध के अनुसार, यह देखा गया कि जब तक मजदूर आकस्मिक या कुछ समय अवधि के लिए है वे कानूनी अनुबंध में प्रवेश नही करते हैं। नौकरी भरोसे पर आधारित होती है और अक्सर व्यक्ति सालों के लिए उसी नियोक्ता के तहत रोजगार लेता रहता है। इसलिए, यह बताया जा सकता है कि सामाजिक सुरक्षा उपायों के मामले में केवल जहां व्यक्ति सरकारी या निजी क्षेत्र में कार्यरत को छोड़कर लगभग अनुपस्थित रहे।

सामाजिक सुरक्षा उपायों की अनुपस्थित के साथ संयुक्त रूप से प्रवासियों ने श्रम बाजार असुरक्षा को भी उजागर किया। लगभग 15 एवं 22 प्रतिशत पुरुष एवं महिलाओं ने बताया कि वे अक्सर अपने नियोक्ता के साथ परेशानियों का सामना करते हैं। इनमें सम्मिलित है, कार्य से अनुपस्थिति करना, जब देरी होती है तो मजदूरों से काम के अनुचित आचरण या नियोक्ताओं की ओर से मजदूरी का भुगतान न करना। इसके अलावा इन श्रम बाजार असुरक्षा से, अन्य 15 प्रतिशत पुरुषों ने बताया कि वे नौकरी

को खोने, काम के रुक-रुक कर उपलब्ध होने आदि संकट से जूझ रहें हैं (कुंडु 2001)। किसी भी मजदूर ने श्रमिक बाजार में किसी भी प्रकार के भेदभाव, शारीरिक या यौन उत्पीडन के बारे में नही बताया। हालांकि, इन मामलों को गुप्त जांच की आवश्यकता होती है जो वर्तमान विश्लेषण के दायरे से बाहर है। इसलिए गरीब पलायनकर्ताओं का एक बड़ा हिस्सा सामाजिक सुरक्षा उपायों के दायरे से बाहर बना हुआ है। हालांकि, पुरुष एवं महिला दोनों के तुलनीय परिणाम में महिला मजदूर बड़ी संख्या में आवास आधारित हैं। वे न केवल किसी भी सामाजिक सुरक्षा के बिना काम करती है, उनका काम या तो अपने घर के काम को खतम होने के बाद होता है साथ साथ अपने काम के बोझ को जोड देती हैं। वे सांख्यिकी में अदृश्य बनी हुई हैं। (ओबेराय एवं चड्डा 2001:14)।

पलायनकर्ताओं के रहने की स्थिति, शहर के जीवन के साथ समायोजन

मलिन बस्तियों को अक्सर कोलकाता के 'काले छिद्र' के रूप में संदर्भित किया जाता है (बिस्वास-डीनेर एवं डीनेर 2001:329)। अत्यंत गरीबी के कारण, मलिन बस्तियों के लोग दयनीय स्थितियों में रहते हैं। कीचड़ वाली जगह, संकीर्ण गलियां एवं अस्वच्छ रहने की स्थिति उनके जीवन स्तर एवं आवास की स्थिति को प्रकट करती है। प्रत्येक परिवार ज्यादातर बिना स्नानागार एवं किचन के एक ही कमरे में रहता है एवं उनके पास न्यूनतम घरेलू परिसंपति होती है।

कोलकाता की चयनित मलिन बस्तियों में, मकान एक के बाद एक सटे हुए हैं एवं खराब रोशनी और कम हवादार होते हैं। दीवार, छत एवं फर्श की सामग्री के आधार पर झुग्गी परिवारों को तीन प्रकार से विभाजित किया गया हैः पक्का, अर्ध-पक्का और कच्चा[15]। 380 परिवारों में से लगभग 58 प्रतिशत उत्तरदाता पक्का, 39 प्रतिशत अर्ध-पक्का में एवं 3 प्रतिशत कच्चा आवास में निवास करते हैं।

आवासों के पक्का, अर्ध-पक्का एवं कच्चा होने की स्थिति आवश्यक नहीं है जो कि बेहतर स्थिति को प्रदर्शित करे, जैसा कि निम्नलिखित विश्लेषण दर्शाता है। जब परिवार का प्रकार एवं रहने के कमरों की संख्या (रसोई को छोड़कर) को आगे अलग से वर्गीकृत किया गया तो यह देखा गया कि 90 प्रतिशत पलायनकर्ता परिवार एकल कमरे में निवास करते हैं, 8 प्रतिशत के पास दो कमरे हैं एवं 2 प्रतिशत परिवारों के पास 3 कमरे है। लगभग सभी एकल कमरे कच्चा आवास है जबकि एक कमरे से

[15] दीवार, छत एवं फर्श की सामग्री के आधार पर परिवारों को तीन प्रकार से विभाजित किया गया है। जहां घर पूरी तरह से कान्क्रीटाइज्ड है (फर्श- कन्क्रीट; छत-कान्क्रीट, दीवारें-कन्क्रीट) यह पक्के के रूप में नामित किया जाता है। जहां पर दीवारे एवं फर्श पक्का हो लेकिन छत मिट्टी की टाइल्स से ढ़की हो तो आवास व्यवहार में सेमि-पक्का होगा। जहां पर आवास पूर्ण रूप से कच्ची सामग्री (फर्श-मिट्टी, छत-मिट्टी की टाइल्स, प्लास्टिक, पॉलिथीन शीट, घास/फूस/फूस की पत्तियों आदि से और दीवारें- बांस, मिट्टी के गारे, प्लास्टिक, पॉलिथीन शीट, घास/फूस/फूस की पत्तियों से बनी हो तो इसको कच्चे आवास के रूप में माना जाएगा।

ज्यादा वाले भी बहुत अच्छे न होकर अर्ध-पक्का एवं पक्का आवासीय इकाई हैं। उदाहरण के लिए, 9 प्रतिशत पक्का की तुलना में लगभग 7 प्रतिशत अर्ध-पक्का आवास में दो कमरे हैं। ज्यादातर सभी सामग्रियों को एक ही कमरे में समायोजित किया जाता है और अधिकांश मामलों में घर में रसोई का अभाव होता है।

ज्यादातर निजी शौचालय की सुविधा झुग्गी में अनुपस्थित नहीं होती हैं केवल 11 प्रतिशत परिवारों के पास उनके घर के अंदर अलग से शौचालय/स्नानागार की सुविधा थी, बाकी के लोग सार्वजनिक प्रावधानों का उपयोग करते हैं। झोपड़ियों के प्रकार के साथ एक निकट संबंध बयान करता है कि किसी भी कच्चे परिवार के पास शौचालय/स्नानागार की सुविधा नही है। लगभग 5 प्रतिशत अर्ध-पक्के एवं 15 प्रतिशत पक्का परिवारों के पास ही उनके स्वयं के शौचालय/स्नानागार की सुविधा है।

पलायनकर्ताओं के साथ एक गहराई से साक्षात्कार दर्शाता है कि एक ओर वे अपने प्रियजनों से दूर रहने के दर्द से गुजर रहें हैं और दूसरी ओर नई दुनिया में जीने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वे रहने की व्यवस्था, झुग्गी की गंदी स्थिति, भीड़, पानी की सेवाओं तक पहुंचना, अज्ञात शहर के वातावरण आदि के मामले में उनको प्रमुख बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

शहर में पहुंचने पर महिलाओं को उन गतिविधियों के लिए मुश्किल का सामना करना पड़ता है जो आमतौर पर महिला केन्द्रित हैं। इनमें पानी लाना, एक ही कमरे में घर के सभी कामों का समायोजन शामिल है। ये सभी उनके लिए एक नई चुनौती पेश करते हैं। एक पलायनकर्ता ने बताया किः

> *जब मैं शादी के बाद ससुराल गई, मैं कमरे के आकार को देखकर दंग रह गयी। हमारे गांव में, हमारे पास बड़ा एवं विभिन्न कामों के लिए अलग-अलग कमरे थे। किन्तु यहां पर केवल एक ही कमरा है। शुरूआत के वर्षों में, मुझे समायोजन करने में कठिनाई होती थी- इसके अलावा बिस्तर एवं फर्नीचर के साथ मार के रूप में अन्य सांसारिक बातें मुझे परेशान करती थीं। किन्तु शादी के सात साल बाद, मैं इस तरह रहने की स्थिति में अच्छी तरह समायोजित हो गई हूँ।*
>
> दक्षिण चौबीस परगना, पश्चिम बंगाल से 27 साल की उम्र में प्रवासी

इसके अलावा, मलिन बस्तियों में एक कमरे के आवास अक्सर एक निवारक कारक के रूप में बनाए जाते हैं जहां पर महिलाओं के लिए व्यक्तिगत स्थान सुरक्षित करना संभव नहीं है, जगह की कमी बाहरी लोगों (पुरुषों) के लिए महिलाओं को और अधिक आलोचनीय बना देती है।

न केवल दैनिक जीवन में, व्यापक संदर्भ में शहर के जीवन के एकाकीपन में तनाव और खिचांव शामिल है। नया वातावरण न केवल विभिन्न प्रकार की असुविधाओं का कारण बनता है बल्कि पलायनकर्ता जहां पर रहते हैं वहां के बड़े समाज के वैमनस्य से गुजरते हैं। नये समाज अक्सर में

स्वीकृति आसान नहीं है और पलायनकर्ता नये शहर में बसने पर अलगाव की भावना का अनुभव करते हैं। ये लोग स्थानीय लोगों के साथ लगातार आलोचना में रहते हैं जो उनको 'बाहरी', या 'बिहारिस' के नाम से बुलाते हैं जो शहर में भीड़ पैदा करते हैं। महिला उत्तरदाताओं ने बताया कि कभी-कभी, उनको पानी लाने पर एवं अन्य गतिविधियों के लिए रोका जाता है। कभी कभी, महिलाओं को 'मुल्किस' के नाम से ताना मारा जाता है, उनमें नागरिक भावना की कमी होती है एवं शहरी जीवन में उनको 'मिस्फिट' माना जाता है। इस प्रकार के गैर (हिंसक) क्षेत्रीय संघर्ष भारत के अन्य भागों में आम बात है (भवानी एवं लेसिना 2010; राजन, कोर्रा, चिरमंग 2011)।

इन कमियों के बावजूद, शहर पलायनकर्ताओं को बेहतर जीवन जीने के लिए सक्षम है। पुरुष पलायनकर्ता जो गरीब ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकले हैं वे अपने जीवन को बदलने के लिए रोजगार पाते हैं। शहर के काम उन्हें जीवित रहने के लिए मदद करते हैं। जामुई से एक पलायनकर्ता कहता है किः *'हम गांव में बहुत गरीब हैं। मैंने अपने भाई के साथ बहुत कम उम्र में पलायन किया था। शहर ने हमको काम दिया। अब माता-पिता सहित हमारा परिवार बेहतर है और हम आवश्यकता पड़ने पर पैसा खर्च कर सकते हैं, अन्यथा हम भूखे भी रहते थे'।* यही कारण है कि कई सामाजिक-सांस्कृतिक के साथ-साथ वित्तीय बाधाओं को एक तरफ रखकर एक नई दुनिया में बेहतर जीवन जीने की आशा के साथ पलायन किया जाता है।

III निष्कर्ष

श्रम बाजार पर विशेष ध्यान देने के साथ कोलकाता के झुग्गी की पलायन पद्धति का पता लगाने के लिए वर्तमान अध्ययन का प्रस्ताव रखा गया। इसको खोजने के लिए, भारत के पश्चिम बंगाल में कोलकाता के पलायनकर्ता श्रमिकों के संपूर्ण प्रोफाइल की सामान्य रूप से चर्चा करनी होगी ताकि कोलकाता की झुग्गी के गरीब पलायनकर्ताओं के मामले को प्रासंगिक किया जा सके। पलायन की प्रकृति एवं सीमा, उनके श्रम बाजार के परिणाम के लिए विशेष संदर्भों के साथ आवास एवं काम की स्थिति का पता लगाने के लिए कोलकाता में झुग्गी पलायनकर्ताओं पर एक प्राथमिक सर्वेक्षण की मांग की गयी।

अध्ययन शहरी भारत की तुलना में पिछले कुछ वर्षो में स्वयं के लिए पलायनकर्ताओं को आकर्षित करने में पश्चिम बंगाल के महत्व की गिरावट को दर्शाता है। इसके अलावा, कोलकाता के लिए पलायनकर्ताओं का अनुपात भी कम है, क्योंकि मुम्बई, दिल्ली, बैंगलौर आदि शहरों के एक निरंतर आर्थिक विस्तार के साथ राज्य एवं शहर के महत्व में भी गिरावट आई है।

यद्यपि, प्रवासियों की कम संख्या कोलकाता में गतिशील हुई है, उनमें से शहर में काम ढूंढने वालों का हिस्सा ज्यादा है और भारत एवं पश्चिम बंगाल की तुलना में वास्तव में कार्यरत हैं। यह पलायनकर्ताओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने में शहर के उच्च आर्थिक विस्तार का सुझाव देती है। इसके अलावा, कोलकाता में पलायनकर्ता श्रमिकों का बड़ा हिस्सा नियमित वेतन में है जो मुख्य रूप से उनकी उच्च शैक्षिक उपलब्धियों की वजह से है। महिला पलायनकर्ताओं की एक बड़ी संख्या, जो स्नातक एवं उससे अधिक के साथ योग्य हैं, वे शिक्षा क्षेत्र में काम करने के लिए नियमित वेतनभोगी बनकर नौकरी कर रही हैं।

यह अच्छी तरह से प्रलेखित है कि, समृद्ध उच्च वर्गों की तुलना में गरीबों की पलायन की दर पर्याप्त रूप से कम है जैसा कि रहने की उच्च लागत उनको शहरों की ओर विमुख कर देती है। अभी तक, शहरी भारत एवं पूरे पश्चिम बंगाल की तुलना में कोलकाता में गरीब लोगों का पलायन बढ़ा है। भारत में एवं पश्चिम बंगाल में स्वरोजगार के विपरीत, ये गरीब पुरुष पलायनकर्ता आमतौर पर शहर में आकस्मिक मजदूर के रूप में संलग्न हैं। उपरोक्त निष्कर्ष शहर में गरीब पलायनकर्ताओं के लिए अधिक से अधिक श्रम बाजार के अवसरों के लिए पहुंच की दिशा में केन्द्रित है।

कोलकाता (प्राथमिक सर्वेक्षण से) में गरीब झुग्गी पलायनकर्ताओं की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हुए, अध्ययन बताता है कि कोलकाता में पलायनकर्ता आमतौर पर पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्य जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। अध्ययन एक बार फिर से पलायन सिद्वान्तों में पुश-पुल प्रतिमान की अवधारणा की पुष्टि करता है कि जहां पर रोजगार की कमी, काम के अवसर, गरीबी, कम पारिश्रमिक के कारण वे शहर की ओर खिंचते हैं और काम के अवसर, ज्यादा मजदूरी, बेहतर नागरिक सुविधाओं आदि की ओर खिंचते चले जाते हैं। अर्थात, विशेषकर पुरुष के लिए रोजगार के प्रयोजन के लिए पलायन प्रमुख कारण है। अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन के मुख्य उद्देश्य के साथ वे कम और अधिक दोनों अवधि के लिए पास या दूर के स्थान पर गतिशील होते हैं।

69 प्रतिशत के आसपास पुरुष पलायनकर्ता रोजगार के उद्देश्य के लिए शहर में पलायन करते हैं। वे पुरुष पलायनकर्ता जिन्होने अपने जन्म के क्षेत्र में नकारात्मक कारकों का जबाब दिया है वे तुलनात्मक रूप से युवा, अविवाहित और जोत की भूमि के मामले में अपने गांव में कम जमीन वाले हैं। इसके विपरीत, वे पलायनकर्ता जिन्होंने शहर के सकारात्मक कारकों को आर्थिक दृष्टि से बेहतर बताया है। वे शहर में तभी पलायन करेंगें जब उनके पास बेहतर नौकरी का अवसर होगा।

पुरुषों के लिए इसके विपरीत, 90 प्रतिशत से भी अधिक महिलाएं विवाह के उद्देश्य और परिवार के पुर्नमिलन के लिए शहर में पलायन करती हैं। ये महिला पलायनकर्ता कुछ समय गांव में रहने के बाद या तो विवाह के लिए जहां पर वे विवाह के बाद तुरंत जा सकें या परिवार के पुनर्मिलन के हिस्से के रूप में खुद को दूसरी जगह ले जाती हैं।

विशेषतः पलायनकर्ता आबादी के लिए श्रम बाजार शहरी अनौपचारिक क्षेत्र में उनकी एकाग्रता के लिए सुझाव देता है। अध्ययन बताता है कि श्रम बाजार में पलायनकर्ता पुरुषों की भागीदारी उनके पलायन से पहले की अवधि की तुलना में लगभग दोगुनी हो गयी है। इसके विपरीत श्रम बाजार में प्रवासी महिलाओं की भागीदारी 24 से 34 प्रतिशत बढ़ गयी है। इसके अलावा, अध्ययन सुझाव देता है कि पुरुष एवं महिला दोनों पलायनकर्ताओं के स्वयं के रोजगार में एक बड़ी वृद्धि हुई है। अध्ययन पलायनकर्ताओं की कुछ सफल कहानियों की व्याख्या करता है जहां पर वे अपने स्वयं के छोटे मोटे व्यवसाय चालू करते हैं और मजदूरों को नौकरी पर रखते हैं। सभी पलायनकर्ता मजदूरों में लगभग 22 प्रतिशत नियोक्ता हैं। पुरुषों के लिए इसके विपरीत, पलायनकर्ता महिलाओं का केवल 1 प्रतिशत ही नियोक्ता हैं। महिला श्रमिक घर की जिम्मेदारी के कारण उप-ठेका श्रमिकों पर (40 प्रतिशत) बहुत निर्भर होती हैं और 23 प्रतिशत अपने पति/बेटे आदि के लिए अवैतनिक घरेलू सहायक होती हैं। कोलकाता की मलिन बस्तियों में पुरुषों के लिए नियमित रूप से वेतनभोगी नौकरियों की बहुत कम गुंजाइश होती है। किन्तु महिला पलायनकर्ताओं का एक तिहाई हिस्सा नियमित वेतनभोगी नौकरियों में, मुख्य रूप से घरेलू नौकरानियों के रूप में काम और कारखाने के कर्मचारियों के रूप में कार्य करती हैं।

एक सकारात्मक श्रम बाजार परिणाम जो स्पष्ट रूप से अध्ययन से उभर कर आता है पुरुष एवं महिला दोनों के लिए पलायन से पूर्व की स्थिति की तुलना में पलायन के बाद काम करने के दिनों में एक औसत वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, पलायन से पहले के 177 दिन प्रतिवर्ष की तुलना में शहर में आदमी एक साल में 280 दिन के लिए काम पाता है। महिलाओं के लिए यह आंकड़ा 259 एवं 171 दिन है। इस प्रकार के निष्कर्ष बताते हैं कि एक बड़ी मात्रा में पलायनकर्ता की श्रम बाजार की असुरक्षाएं कम हुई हैं। इसके अलावा शहर में काम की स्थिति बदली है जो सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रभावों पर जोर देती है।

इसके अतिरिक्त अध्ययन बताता है कि जो पुरुष गांव व शहर के बीच एक संचार शैली बनाए रखते हैं उनकी आय के स्रोत अलग-अलग होते हैं। स्पष्ट रूप से, पुरुष पलायनकर्ता जो अकेले गतिशील होते हैं वे शहर में फार्म-रोजगार या जब शहर में काम कम होता है तो गांव में मनरेगा आदि में रोजगार पाते हैं।

अध्ययन का निष्कर्ष है कि पलायनकर्ता व्यवसायिक गतिशीलता का अनुभव करते हैं। पलायन के पूर्व की अवधि में वे गांव में कृषि कार्य में संलग्न थे। जबकि शहर में, वे विनिर्माण में, खुदरा व्यापार में, परिवहन में एवं निर्माण क्षेत्र में अथवा घरेलू नौकर के रूप में काम करते हैं। यदि, इस प्रकार की नौकरियां ऊपर की गतिशीलता पर जोर देती हैं तो ग्रामीण और शहरी स्थापनाओं में काम करने के संदर्भ में विभिन्नता करना मुश्किल होगा। हालांकि, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि गांव में कोई काम न होने से शहर में काम करना निश्चित रूप से बिना किसी काम के ऊपर की गतिशीलता है।

इसके अलावा, अप्रवासी शहर में काम करने के अवसर की वृद्धि का अनुभव करते हैं, वे कई प्रकार के काम एवं रहने की स्थिति की कठिनाई से गुजरते हैं। मलिन क्षेत्र आवास में आवश्यक दैनिक कार्यों का करने सीमित क्षेत्र उपलब्ध कराते हैं। सीमित जगह और अधिक परेशान करती है, जब ये स्थान काम का स्थान बन जाता है। इसके अतिरिक्त, पलायनकर्ता जब शहर के जीवन के साथ एकीकृत होते हैं तब वे कई तनाव व परेशानियों से गुजरते हैं। वे स्थानीय लोगों की नफरत का शिकार होते हैं। इन कमियों के बावजूद, शहर पलायनकर्ताओं को एक बेहतर जीवन देने के लिए सक्षम है।

संदर्भ

बेली, ए. 2011. ‘इन सर्च ऑफ़ लाइवलीहुड्स: माइग्रेशन एंड मोबिलिटी फ्रॉम कर्नाटक टू गोवा’ इन इरुडाया राजन (इडी.), *माइग्रेशन, आइडेंटिटी एंड कंफ्लीक्ट, न्यू यॉर्क, लंडन, नई दिल्लीः रूटलेज। पीपी 108-124.*

बर्धन, पी. 1989. द इकोनोमिक थ्योरी ऑफ अग्रेरीयन इंस्टीट्यूशन्स, ऑक्सफ़ोर्डः ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।

भगत, आर.बी. 2011. 'इंटरनल माइग्रेशन इन इंडियाः आर द अंडरक्लास मोर मोबाइल' इन इरूडाया राजन (इडी.), माइग्रेशन, आइडेंटिटी एंड कंफ्लीक्ट, लंडन, एंड नई दिल्लीः रूटलेज। पीपी 7-24.

भगत, आर.बी. एंड एस. मोहंती. 2010 'इमर्जिंग पैटर्न ऑफ़ अर्बेनाइजेशन एंड कॉन्ट्रिब्यूशन ऑफ़ माइग्रेशन इन अर्बन ग्रोथ इन इंडिया' एशियन पॉपुलेशन स्टडीज, 5(1):5-20

भवानी, आर. एंड बी. लेसिना। 'द इफेक्ट्स ऑफ़ एक्सोजीनस शॉक्स टू माइग्रेशन ऑन वायलेंस इन इंडिया', पेपर प्रेजेंटेड एट द अमेरिकन पोलिटिकल साइंस एसोसिएशन एनुअल मीटिंग, सितंबर, 2-5, 2010

बिवास-दीनेर, आर. एंड ईडी. दीनेर. 2001. 'मेकिंग द बेस्ट ऑफ़ ए बेड सिचुएशन: सैटिस्फैक्शन इन द स्लम्स ऑफ़ कलकत्ता', *सोशल इंडीकेटर्स रिसर्च*, 55: 329-352

ब्रुइंजे, जी. ए. डी एंड एच. शेंक. 1992. 'वेर डू द पुअर लाइव'?: एन एनालिसिस ऑफ़ रेजिडेंशियल पैटर्न्स ऑफ़ पुअर इनहैबिटेंट्स इन इंडियन सिटीज', *द इंडियन ज्योग्राफिकल जर्नल,* 67(2):1-16

सेन्सस 2001, माइग्रेशन डाटा, एब्सट्रेक्टस ऑन डेटा हाइलाइट्स।

कोन्नेल, जे.बी. दासगुप्ता, एल. रॉय एंड एम. लिप्टोन. 1976. *माइग्रेशन फ्रॉम रूरल एरियाजः* द एविडेंस फ्रॉम विलेज स्टडीज, नई दिल्लीः ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।

दास एम.बी. 2006. 'डू ट्रेडिशनल एक्सेस ऑफ सेक्लुजन एफेक्ट लेबर मार्किट आउटकम इन इंडिया? साउथ एशियन सीरिज, पेपर नं. 97.

डेविस, के. 1951. द पॉपुलेशन ऑफ इंडिया एंड पाकिस्तान. प्रिंसटोनः प्रिंसटोन यूनिवर्सिटी प्रैस।

डी, हान, ए. 2000. 'माइग्रेंट्स, लाइवलीहुड्स, एंड राइट्सः द रेलीवेंस ऑफ माइग्रेशन इन डेवलपमेंट पॉलिसीज', सोसियल डेवलपमेंट वर्किंग पेपर नं. 4डीई हान 2001;

देशिंगकार पी एंड डी. स्टार्ट। 2003। 'सीजनल माइग्रेशन फॉर लाइवलीहुड्स इन इंडियाः कॉपिंग, एकुमुलेशन, एंड एक्सक्लुजन', ओवरसीज डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, वर्किंग पेपर 220

डे, डी एंड एस. दासगुप्ता. 2010ए, 'स्माल बिजनेस, बिग रोल - II', *फ्रंटियर*, 43(23):19-25

दुरीयासामी, पी. एंड एस. नरसिम्हान. 1997. 'वेज डिफ्रेन्शियल्स बिटवीन माइग्रेंट एंड नॉन-माइग्रेंट एंड द डिस्क्रिमिनेशन इन अर्बन इनफॉर्मल सेक्टर इन इंडिया', *इंडियन जर्नल ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स, 40(2): 223-235.*

इकनोमिक सर्वे ऑफ बिहार, 2007, सेंसस ऑफ इंडिया, रजिस्ट्रार जनरल।

एडवर्ड्स, एल.एन. एंड ई. फील्ड-हैंद्रेय. 1996. 'होम-बेस्ड वर्कर्सः डेटा फ्रॉम द 1990 सेंसस ऑफ पॉपुलेशन', मंथली लेबर रिव्यू (नवंबर): 26-34.

घोष. जे. 2002. 'ग्लोबालाइजेशन, एक्सपोर्ट-ओरियंटेड एम्पलॉयमेंट फॉर वॉमेन एंड सोसियल पॉलिसीः ए केस स्टडी ऑफ इंडिया', सोसियल साइंटिस्ट, 30(11/12):17-60

गुलाटी, एल. 2006. '*एशियाई वॉमेन वर्कर्स इन इंटरनेशनल लेबर माइग्रेशनः एन ओवरव्यू' इन अनुजा अग्रवाल (इडी.) माइग्रेंट वॉमेन एंड वर्क, नई दिल्लीः सेज पब्लिकेशन.पीपी. 46-72:*

गुलाटी, एल. 1997. 'एशियन वॉमेन इन इंटरनेशनल लेबर माइग्रेशन विद स्पेशियल रेफ्रेंस टू डोमेस्टिक वर्क', *आर्थिक और राजनीतिक साप्ताहिक, 32(47): 3029-3189*

करण, ए.के. 2003, 'चेंजिंग पैटर्न ऑफ़ माइग्रेशन फ्रॉम रूरल बिहार', लेंड एंड डेवलपमेंट, 9(2): 155-195.

खान, एस. 2007. 'नेगोसियटिंग द मोहल्लाः एक्सक्लुजन, आईडेंटिटी एंड मुसलिम वॉमेन इन मुम्बई', *इकोनॉमिक एंड पॉलिटीकल वीकली*, 42(17):1527-1533

खुल्लर, डी.आर. 2000. इंडिया, *ए कोम्प्रिहेंसिव जियोग्राफी।* अमहदाबादः कल्याणी पब्लिशर्स।

कोर्रा, वी. 2011. 'शॉर्ट-डायरेशन माइग्रेशन इन इंडिया' इन I, राजन (ई.), *माइग्रेशन, आइडेंटिटी एंड कंफ्लीक्ट,* लंडन एंड दिल्लीः रूटलेज। पीपी 52-71.

कुंडु ए. 2007. 'माइग्रेशन एंड एक्सक्लूजनरी अर्बन ग्रोथ इन इंडिया' आईआईपीएस न्यूज लेटर 46(3 तथा 4): 5-23.3079-3088.

कुंडु ए. 2011ए. 'मेथड इन मैडनेसः अर्बन डेटा फ्रॉम 2011 सेंसस', *इकॉनोमिक एंड पॉलिटीकल वीकली*, 46(40): 13-16.

कुंडु ए. 2011बी. 'पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स ऑफ अर्बन ग्रोथ', *इकॉनोमिक एंड पॉलिटीकल वीकली*, 46(20):10-13.

कुंडु ए. 2003. 'अर्बेनाइजेशन एंड अर्बन गवर्नेंसः सर्च फॉर ए पर्सपेक्टिव बियॉन्ड नियो-लिबेरलिज्म', *इकॉनोमिक एंड पॉलिटीकल वीकली*, 38(29):पीपी 3079-3087

कुंडू, ए. एंड एस. गुप्ता 2000. 'डीक्लिनिंग पॉपुलेशन मोबिलिटी, लाइबेरालाइजेशन एंड ग्रोविंग रीजनल इम्बैलेंस: द इंडियन केस', इन ए. कुंडु (इडी.), इनक्वालिटी, मोबिलिटी एंड अर्बेनाइजेशन, नई दिल्लीः आईसीएसएसआर एंड मानक पब्लिशर्स. पीपी. 257-274.

लिंगम, एल. 1998ए. 'लोकेटिंग वॉमेन इन माइग्रेशन स्टडीजः एन ओवरव्यू', इ इंडियन जर्नल ऑफ सोसियल वर्क, 59(2):715-727.

लिंगम, एल. 1998बी. 'माइग्रेंट वर्क पार्टिसिपेशन एंड अर्बन एक्सपिरियंसेस', *द इंडियन जर्नल ऑफ सोसियल वर्क*, 59(2): 807-823.

महादेविया, डी. 2011. 'ब्रांडेड एंड रीनीव्ड? पॉलिसीज, पॉलिटीक्स एंड प्रोसेस ऑफ अर्बन डेवलपमेंट इन द रिफॉर्म एरा', *इकॉनोमिक एंड पॉलिटीकल वीकली*, 46(31), 56-64.

मजूमदार, डी. 1987. 'रूरल-अर्बन माइग्रेशन इन डेवलपिंग कंट्रीज', हैंडबुक ऑफ रीजनल एंड अर्बन इकॉनोमिक्स, 2(28): 1097-1128

मेंडोला, एम. 2006. 'रूरल आउट-माइग्रेशन एंड इकोनोमिक्स डेवलपमेंट एट द ओरीजीनः व्हाट डू वी नोव?, ससेक्स माइग्रेशन वर्किंग पेपर नं. 40. यूनिवर्सिटी ऑफ मिलानो-बायकोस्का एंड सेंट्रो स्टडी एल. डी'एग्लीनो.

मित्रा, ए. 1994: *अर्बेनाइजेशन, स्लम्स, इनफॉर्मल सेक्टर एम्प्लॉयमेंट, एंड पॉवर्टीः एन एक्सप्लॉरेटरी स्टडी.* नई दिल्लीः बी.आर. कॉरपोरेशंस.

मुखर्जी, एस. 2001. 'लो क्वालिटी माइग्रेशन इन इंडियाः द फेनोमेनन ऑफ डिस्ट्रेस माइग्रेशन एंड एक्यूट अर्बन डीके', 24वां आईयूएसएसपी कॉन्फ्रेंस, सेल्वाडोर, ब्राजील.

मुखोपाध्याय, I. 1998. 'कलकत्ता'स इनफोरमल सेक्टरः चेंजिंग पैटर्न ऑफ लेबर यूज', *इकोनॉमिक एंड पॉलिटीकल वीकली*, 33(47 तथा 48):3075-3080.

नामबियर, पी.के. 1965. 'स्लम्स ऑफ मद्रास सिटी, सेंसस ऑफ इंडिया 1961, 10 (11-सी), दिल्लीः मैनेजर ऑफ़ पब्लिकेशन्स.

नारयणन, एच., डी. महादेविया एंड आर. मैथ्यूज. 2008. 'डेमोलिशन ऑफ लिव्स एंड लिव्लीहुड्सः मुम्बई', इन डी. महादेविया (इडी.), इनसाइड द ट्रांसफॉर्मिंग अर्बन एशियाः प्रोसेस, पॉलिसीज एंड पब्लिक एक्शन, नई दिल्लीः कॉन्सेप्ट. पीपी. 415-450.

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाईजेशन, रिपोर्ट ऑन माइग्रेशन इन इंडिया, 64वां राउंड, 2007-2008नीथा 2011

ओइसी, एन. 2002. 'जेंडर एंड माइग्रेशनः एन इंटीग्रेटिव एप्रोच', सिनोप्सिस ऑफ हिज फोर्थकमिंग बुक वॉमेन इन मोशन: ग्लोबालाइजेशन, स्टेट पॉलिसीज एंड लेबर माइग्रेशन इन एशिया (स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रैस).

पैस, जे. 2006. 'सम फीचर्स ऑफ माइग्रेशन एंड लेबर मोबिलिटी इन द लैदर एक्सेसरीज मैनुफैक्चर इन इंडिया: ए स्टडी इन द लाइट ऑफ़ इकोनोमिक रिफॉर्म्स',

पापानेक, एच. 1985. 'क्लास एंड जेंडर इन एजुकेशन-एम्प्लॉयमेंट लिंकेजेस', *कॉम्पारेटिव एजुकेशन रिव्यू*, 29(3):317-346

पैरलीवाला, आर. एंड पी. ओबेरॉय. 2008. 'एक्सप्लोरिंग द लिंक्सः जेंडर इश्यूज इन मैरिज एंड माइग्रेशन' इन रजनी पारलीवाला एंड पैट्रासिया उबेरॉय (इडीएस), मैरिज, माइग्रेशन एंड जेंडर, नई दिल्लीः सेज पीपी. 23-62.

प्रेमी, एम.के. 1980. 'अस्पेक्ट्स ऑफ फीमेल माइग्रेशन इन इंडिया', इकोनॉमिक एंड पॉलिटीकल वीकली, 15(15):714-20.

राजन, आई., वी. कोर्रा एंड आर. चयरमांग. 2011. 'पॉलिटिक्स ऑफ कनफ्लिक्ट एंड माइग्रेशन' इन आई. राजन (इडी.), माइग्रेशन, आइडेंटिटी एंड कनफ्लिक्ट, लंदन एंड नई दिल्लीः रूटलेज. पीपी. 95-101.

राजू, एस एंड डी दीपिका बागची, एड. (1993): *वॉमेन एंड वर्क इन साउथ एशियाः रीजनल पैटर्न्स एंड पर्सपेक्टिव्स*, लंडन एंड न्यू यॉर्कः रूटलेज

राजू, एस. 2010. 'मैपिंग द वर्ल्ड ऑफ वॉमेन'स वर्कः रीजनल पैटर्न्स एंड पर्सपेक्टिव्स'स, आईएलओ एशिया-पैसिफ़िक वर्किंग पेपर सीरीज.

रॉय, एम.बी. 1994. कलकत्ता स्लम्सः पब्लिक पॉलिसी इन रेट्रोस्पेक्ट, मिनेर्वा एसोसिएट्स (पब्लिकेशंस) प्राइवेट लिमिटेड

सीले, जे., एस. रयान, आई.ए. खान एंड एम.आई. हुस्सैन. 2006. 'जस्ट सर्वाइविंग ऑर फाइंडिंग स्पेस टू थ्राइव?: द कॉम्प्लेक्सीटी ऑफ इंटरनल माइग्रेशन ऑफ़ वॉमेन इन बांग्लादेश' इन संध्या आर्या एंफ्ड अनुपमा रॉय (ईडीएस), *पॉवर्टी, जेंडर एंड माइग्रेशन*, नई दिल्लीः सेज पब्लिकेशन. पीपी. 171-190.

सिंह, डी.पी. 2007. 'रीजनल इनइक्वालिटी, पॉवर्टी एंड माइग्रेशन', अर्बन पॉवर्टी रिपोर्ट, 13-14वीं जुलाई, जीओआई-यूएनडीपी परियोजना, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी.

शिवरामकृष्णन, के. सी. 2011. 'अर्बन डेवलपमेंट एंड मैक्रो गवर्नेंस', *इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली,* 54(31): 49-55.

श्रीधर, के.एस. एंड वी. रेड्डी. 2011. ‘रूरल टू अर्बन माइग्रेशनः रिसेंट एविडेंसेस फ्रॉम बैंगलोर' इन इरूडाया राजन (ईडी.), *माइग्रेशन, आइडेंटिटी एंड कनफ्लिक्ट;* लंदन, नई दिल्लीः रूटलेज, पीपी. 125-143.

श्रीवास्तव, आर. 1998. ‘माइग्रेशन एंड द लेबर मार्किट इन इंडिया’, द इंडियन जर्नल ऑफ लेबर इकॉनोमिक्स, 41(4): 583-624.

श्रीवास्तव, एस और एस.के. ससिकुमार. 2003. 'ए रिव्यु ऑफ़ माइग्रेशन इन इंडिया, इट्स इम्पेक्ट एंड की इशूज'. पेपर प्रेजेंटेड एट द रीजनल कांफ्रेंस ओन माइग्रेशन, डेवलपमेंट एंड प्रो-पुअर पॉलिसी चोइसेस इन एशिया, 22-24 जून, ढाका

श्रीवास्तव, एस. 2011. 'इंटरनल माइग्रेशन इन इंडियाः एन ओवरवीयू ऑफ इट्स फीचर्स, ट्रेंड्स एंड पॉलिसी चैलेंजेस', यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन

श्रीवास्तव, एस. एंड एस. भट्टाचार्य 2003. 'ग्लोबलाइजेशन, रिफॉर्म्स एंड इंटरनल लेबर मोबिलिटीः एनालाइजिस ऑफ रिसेंट इंडियन ट्रेंड्स', *लेबर एंड डेवलपमेंट* 9(2):31-55.

सुब्रमण्यम, वी. 2001. ट्रेंड्स इन जॉब क्रिएशन इन अर्बन इनफॉर्मल सेक्टर इन वेस्ट बंगाल, इन ए.एस. ओबेरॉय एंड जी.के. चड्ढा (इडीएस.), अर्बन इनफॉर्मल सेक्टर इन इंडियाः इशूज एंड पॉलिसी ऑप्शंस, न्यू दिल्लीः आईएलओ. पीपी 395-410

टी.वाई. टैन. 2007. 'पोर्ट सिटीज एंड हिंटेरलैंड्सः ए कॉम्पेरेटिव स्टडी ऑफ सिंगापुर एंड कलकत्ता', *पोलिटिकल जियोग्राफी*, 26:851-865

उल्लाह, ए.के.एम.ए. 2007. "द स्टेट ऑफ फीमेल माइग्रेशन फ्लो इन इंटरनेशनल लेबर मार्किटः हाउ इज बांग्लादेश डूइंग?", डिपार्टमेंट ऑफ अप्लाइड सोसियल स्टडीज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ होंग कोंग।

वेस्ट बंगाल ह्युमैन डेवलपमेंट रिपोर्ट, 2004, डेवलपमेंट एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट, गवर्नमेंट ऑफ़ वेस्ट बंगाल.

यदावा, के.एन.एस., एस.एस. यादव एंड आर.के. सिंहा. 1996/97. 'रूरल आउट-माइग्रेशन एंड इट्स इकोनॉमिक इम्पलीकेशंस ओन माइग्रेंट हाउसहोल्ड इन इंडिया. ए रिव्यू', *द इंडियन इकनोमिक जर्नल*, 44 (2):21-38.

यांग, ए.ए. 1979. 'पीजेन्ट्स ओन मूवः ए स्टडी ऑफ इंटरनल माइग्रेशन इन इंडिया', *द जर्नल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी हिस्ट्री*, 10(1):37-58.

जचरियाह, के.सी. एंड आई. राजन. 2011. 'इमाइग्रेशन एंड रेमिट्टेंसेस इन केरल इन द कॉन्टेक्स्ट ऑफ सर्ज इन ऑयल प्रिंसेस' इन इरुडाया राजन (ईडी.), लंदन, न्यू यॉर्क एंड नई दिल्लीः रूटलेज. पीपी. 275-296.

परिशिष्ट

तालिका ए1: शहरी भारत, पश्चिम बंगाल एवं कोलकाता में शैक्षिक योग्यता से पलायनकर्ता श्रमिक

प्राप्त शैक्षिक मानक	भारत			पश्चिम बंगाल			कोलकाता		
	पुरुष	महिला	व्यक्ति	पुरुष	महिला	व्यक्ति	पुरुष	महिला	व्यक्ति
अशिक्षित	11.2	39.6	19.3	15.6	35.2	21.6	18.0	12.0	16.9
अनौपचारिक रूप से शिक्षित	0.9	0.9	0.9	2.8	2.6	2.8	3.0	6.4	3.6
प्राथमिक नीचे	6.0	7.0	6.2	10.9	9.0	10.3	17.7	13.7	17.0
प्राथमिक और मध्य	29.4	21.9	27.2	33.6	27.7	31.8	39.7	31.1	38.2
माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक	26.3	12.0	22.2	16.1	9.0	13.9	10.7	2.3	9.2
डिप्लोमा/प्रमाणपत्र	4.4	2.6	3.9	2.4	0.3	1.8	1.7	0.0	1.4
स्नातक तथा अधिक	21.8	16.0	20.1	18.6	16.2	17.8	9.3	34.5	13.7
कुल	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

स्रोतः एनएसएसओ, माइग्रेशन के यूनिट स्तर डेटा, 64वां राउंड, 2007-08

तालिका ए2: भारत, पश्चिम बंगाल एवं कोलकाता में काम के राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण से पलायनकर्ता श्रमिक

श्रमिक के राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण	भारत			पश्चिम बंगाल			कोलकाता		
	पुरुष	महिला	व्यक्ति	पुरुष	महिला	व्यक्ति	पुरुष	महिला	व्यक्ति
कृषि, मछली पकड़ना, वानिकी आदि	3.1	18.7	7.4	1.4	2.6	1.8	0.1	0.0	0.1
खनन एवं उत्खनन	0.8	0.3	0.6	1.2	0.2	0.9	0.0	0.0	0.0
विनिर्माण	27.1	26.3	26.9	32.8	40.3	35.0	36.0	16.8	32.9
बिजली गैस और जलापूर्ति	1.1	0.3	0.8	2.0	1.0	1.7	2.5	0.0	2.1
निर्माण	9.3	5.3	8.1	7.9	0.4	5.7	8.4	1.2	7.2
थोक, खुदरा व्यापार, होटल और रेस्तरां	21.8	13.3	19.4	22.9	5.0	17.6	24.7	6.6	21.8
परिवहन, भंडारण और संचार	11.7	1.6	8.9	12.7	1.7	9.5	13.7	0.8	11.7

वित्त संबंधित	7.9	4.1	6.8	5.5	2.4	4.6	4.7	8.1	5.3
लोक प्रशासन, रक्षा और अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा	7.9	3.1	6.6	5.0	3.0	4.4	2.9	0.0	2.4
शिक्षा का क्षेत्र	3.6	11.1	5.7	2.6	14.9	6.3	0.2	33.9	5.6
स्वास्थ्य और सामाजिक नेटवर्क	1.9	4.6	2.7	1.3	5.2	2.5	0.0	0.7	0.1
अन्य सामुदायिक, सामाजिक और व्यक्तिगत सेवा क्रियाएँ	2.6	3.2	2.8	2.2	5.1	3.1	1.4	9.2	2.7
नियोक्ता के रूप में निजी घरों की कार्यकलाप	1.2	8.2	3.1	2.3	18.0	6.9	5.3	22.7	8.1
कुल श्रमिक	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

स्रोतः एनएसएसओ में यूनिट स्तर डेटा, भारत में प्रवासन, 64$^{वां}$ दौर, 2007-08

तालिका ए3: चतुर्थांश वर्गों द्वारा प्रवासियों की कार्य स्थिति

कार्य स्थिति	भारत					पश्चिम बंगाल					कोलकाता				
	प्रथम चतुर्थांश	दूसरा चतुर्थांश	तीसरा चतुर्थांश	चौथा चतुर्थांश	कुल	प्रथम चतुर्थांश	दूसरा चतुर्थांश	तीसरा चतुर्थांश	चौथा चतुर्थांश	कुल	प्रथम चतुर्थांश	दूसरा चतुर्थांश	तीसरा चतुर्थांश	चौथा चतुर्थांश	कुल
	पुरुष														
स्व नियोजित	41.4	35.7	31.9	28.4	32.3	55.1	37.5	31.6	29.4	37.0	48.5	33.0	30.5	26.5	32.3
नियमित वेतनभोगी	31.3	44.0	56.8	67.9	55.8	13.1	44.8	60.0	70.1	50.0	0.9	48.9	57.6	72.6	52.2
आकस्मिक मजदूरी	27.2	20.3	11.3	3.7	11.9	31.8	17.6	8.4	0.5	13.0	50.7	18.1	12.0	0.9	15.5
कुल श्रमिक	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0
	महिला														
स्व नियोजित	47.7	50.2	48.1	31.6	44.6	60.7	54.4	35.5	24.5	47.2	18.1	2.6	27.6	5.8	14.5
नियमित वेतनभोगी	18.2	25.5	38.7	65.3	35.5	27.9	32.4	48.5	72.1	42.0	81.9	97.4	43.4	94.2	73.9
आकस्मिक मजदूरों	34.1	24.3	13.2	3.1	19.9	11.4	13.2	16.0	3.4	10.8	0.0	0.0	29.0	0.0	11.7
कुल श्रमिक	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

स्रोतः एनएसएसओ में यूनिट स्तर डेटा, भारत में प्रवासन, 64$^{वां}$ दौर, 2007-08

तालिका ए4: पूर्व और स्थानांतरण के बाद **कीअवधि में भागीदार कर्मचारियों की संख्या**

	पुरूष		महिला	
	पूर्व-प्रवास	स्थानांतरण के बाद	पूर्व-प्रवास	स्थानांतरण के बाद
श्रमिक	48.5	96.5	24.3	34.3
भाग लेने वाली शिक्षा	30.2	1.0	5.2	0.0
कार्य की तलाश	5.9	0.5	0.0	0.0
घरेलू कार्यों में भाग लेना	0.0	0.0	70.0	65.7
अन्य	15.3	2.0	0.4	0.0
कुल	100.0	100.0	100.0	100.0

स्रोतः जनवरी-जुलाई, 2010 के फील्ड वर्क के आधार पर